# पीछे रहकर सुरक्षा करना

## अगर आप तैयार नहीं हैं, तो पीछे रहकर सुरक्षा करना खतरनाक हो सकता है

**जल्दी छोड़ कर निकलना** आपका सबसे सुरक्षित विकल्प है

कुछ स्थितियाँ ऐसी होती हैं जब **NSW RFS** यह सँस्तुति करती है कि आपको पीछे रहकर सुरक्षा नहीं करनी चाहिए:

- ☐ यदि इस दिन अग्नि खतरे की रेटिंग 'Catastrophic' (प्रलयकारी) हो
- ☐ यदि इस दिन आग का खतरा 'Extreme' (चरम) हो और आपका घर आग का सामना करने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन, निर्मित या संशोधित नहीं किया गया हो
- ☐ यदि आपकी संपत्ति अच्छी तरह से तैयार और रक्षणीय नहीं हो
- ☐ यदि आप भावनात्मक रूप से तैयार और शारीरिक रूप से फिट नहीं महसूस कर रहे/रही हों।

**पीछे रहकर सुरक्षा करने का चयन करने से आपको और आपके परिवार को गंभीर क्षति या मृत्यु का खतरा हो सकता है।**



## पीछे रहकर सुरक्षा करने के लिए जाँचसूची

- ☐ क्या आपके पास एक 'Bush Fire Survival Plan' (बुशफायर जीवन-रक्षा योजना) है?
- ☐ क्या आपको पता है कि अपनी योजना पर कार्रवाई करने के लिए आपके संकेत क्या हैं?
- ☐ क्या आपकी संपत्ति अच्छी तरह से तैयार है और उसका अच्छा रख-रखाव किया गया है?
- ☐ क्या आप शारीरिक और भावनात्मक रूप से अपनी संपत्ति की रक्षा करने के लिए तैयार हैं?
- ☐ क्या आपके पास अच्छी तरह से रख-रखाव किए गए अग्निशमन उपकरण हैं और क्या वे सभी लोग जो पीछे रुककर सुरक्षा करने की योजना बना रहे हैं, इन उपकरणों का प्रयोग करना जानते हैं?
- ☐ क्या आपको पता है कि यदि आपके घर की बिजली चली जाए, तो आप क्या करेंगे/करेंगी?
- ☐ क्या आपके पास आग का सामना करने के लिए पानी तक पहुँच है, जैसेकि कोई बांध, टैंक या पूल? *(यह याद रखें कि आपात स्थिति के दौरान शहर में पानी की आपूर्ति विफल हो सकती है)*
- ☐ क्या आपके पास उपयुक्त व्यक्तिगत सुरक्षात्मक कपड़े हैं?
- ☐ क्या आपके पास एक आपातकालीन जीवन-रक्षा किट है?
- ☐ क्या आपके पास एक बैक-अप योजना है?
- ☐ यदि अग्निशमन ट्रक न हो, तो आप क्या करेंगे/करेंगी?

**यदि आपके मन में कोई संदेह हो, तो आपको जल्दी छोड़कर निकल जाना चाहिए**

*सभी घर रक्षणीय नहीं होते हैं, और सभी लोग अपने घर की सुरक्षा करने के लिए पीछे रहने में सक्षम नहीं होते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि इस बारे में निर्णय लेते समय कि आपको और आपके परिवार को क्या करना चाहिए, आप अपनी व्यक्तिगत और पारिवारिक परिस्थितियों पर विचार करें।*

Interpreter 131450

PREPARE. ACT. SURVIVE. | BUSH FIRE INFORMATION LINE | 1800 679 737

© State of New South Wales through the NSW RURAL FIRE SERVICE 2013. E1